## नगर निगम की नवनिर्वाचित परिषद की पहली बैठक आज

# बीसीसी में होगा सभापति का निर्वाचन

### बैठक के पहले भाजपा आज करेगी प्रत्याशी के नाम पर विचार

नगर प्रतिनिधि

इंदौर । महापौर परिषद के गठन की तैयारी जोरों से चल रही है। निगम में महापौर के बाद सबसे महत्वपूर्ण पद सभापति का निर्वाचन निर्विरोध होने के आसार बन गए हैं। भाजपा के वरिष्ठ पार्षद राजेन्द्र राठौर या कमल वाधेला दोनो में से एक का सभापति बनना लगभग तय है। उधर कांग्रेस के द्वारा सभापति के चुनाव में कोई प्रत्याशी मैदान में नहीं उतारने की स्थिति बन गई है।

परिषद की पहली बैठक सोमवार 8 अगस्त को प्रातः 11:00 बजे ब्रिलिएंट कन्वेंशन सेंटर (बीसीसी) में बुलाई गई है। इस बैठक में निगम की परिषद के नए सभापति का निर्वाचन होगा। निर्वाचन अधिकारी के रूप में जिला कलेक्टर मनीष सिंह के द्वारा इस बैठक को आहूत किया गया है। इस बैठक का आयोजन की तिथि करीब आने के साथ ही सभापति के पद के लिए हलचल तेज हो गई है। नगर निगम में जनप्रतिनिधियों के पदों में महापौर के पद के बाद दूसरा स्थान सभापति के पद को मिलता है।



### कांग्रेस नही उतरेगी सभापति का प्रत्याशी

कांग्रेस के प्रमुख नेताओं का मानना है कि दोनों दलों के पार्षदों की संख्या में इतना ज्यादा अंतर है कि उसके बाद में यदि हम सभापति पद के लिए प्रत्याशी उतारेंगे भी तो वह हंसी का पात्र बन जाएगा। ऐसे में बेहतर यही है कि सभापति पद के लिए भाजपा के प्रत्याशी का निर्विरोध निर्वाचन होने दिया जाए। इस बारे में पूछे जाने पर कांग्रेस अध्यक्ष विनय बाकलीवाल ने कहा कि सभापति के पद के लिए किसी प्रत्याशी को मैदान में उतारने का कोई मतलब नहीं है। वैसे भी इस चुनाव में भाजपा का ही सभापति चुना जाना तय है। उम्मीद की जा रही है कि भाजपा के द्वारा अपने प्रत्याशी के नाम का ऐलान इन चुनाव के पहले ही किया जाएगा।

### कमल वाघेला का नाम आगे

सूत्रों के अनुसार पूर्व से ही इस पदके लिए पूर्व एमआईसी सदस्य राजेंद्र राठौर का नाम प्रमुखता के साथ लिया जा रहा है। अब यह नाम पिछड़ गया है। राठौर को लेकर यह तथ्य सामने आया है कि वह पूर्व में सभापति रह चुके हैं इसलिए दूसरी बार उन्हें इस पद पर अवसर नहीं दिया जाना चाहिए। वैसे भी राठौर की रुचि एम आई सी है। ऐसी स्थिति में संघ पृष्ठभूमि के कमल वाघेला का नाम सभापति पद के सबसे आगे हैं। वे भागीरथपुरा वार्ड से चुने गए है।

### बहुमत भाजपा के पास है

नगर निगम के हाल ही में हुए चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के 65 पार्षद जीत कर आए है, जबकि कांग्रेस 19 पार्षदों पर ही सिमट गई है। एक पार्षद निर्दलीय है। वैसे भाजपा के पार्षदों में भी एक पार्षद भाजपा का बागी है लेकिन वह भाजपा पार्षद दल के साथ ही है। दोनों दलों के निर्वाचित प्रत्याशियों की संख्या में बहुत बड़ा अंतर होने के कारण कांग्रेस में यह विचार सहमति की ओर बढ़ गया है कि सभापति पद के निर्वाचन में कोई प्रत्याशी मैदान में नहीं उतारा जाए।

## आज होगा निगम की चार सदस्यीय अपील समिति का गठन

### कांग्रेस को मिलेगा एक सदस्य का पद लेकिन अनिश्चय

इंदौर । इंदौर नगर निगम की अपील कमेटी के 4 सदस्यों का चुनाव भी सोमवार को होगा , इसमें कांग्रेस को भी एक सदस्य के रूप प्रतिनिधित्व मिलेगा इसके बाद भी कांग्रेस के नेताओं में अनिश्चय की स्थिति है। महापौर ओर पार्षदो के शपथ के बाद सोमवार को ब्रिलिएंट कन्वेंशन सेंटर में निगम के सभापति के चुनाव के लिए सभी पार्षदों की बैठक आयोजित की गई है। इस बैठक में सभापति का चुनाव होने के साथ ही साथ निगम की अपील कमेटी के लिए 4 सदस्यों का भी निर्वाचन होगा।

अनुपातिक पद्धति से होने वाले इस निर्वाचन में निगम परिषद में वर्तमान में पार्षदों की संख्या को देखते हुए कांग्रेस को एक सदस्य का पद मिलना है। निगम परिषद में पार्षदों के 85 पद हैं इसमें से भाजपा ने 60 से ज्यादा पदों पर जीत हासिल की है जबकि कांग्रेस के पास में 20 पद हैं ऐसे में अनुपातिक पद्धति से कांग्रेस को एक सदस्य के रूप में इस समिति में प्रतिनिधित्व दिया जाएगा। इस बारे में कांग्रेस के नेताओं के बीच में अनिश्चय की स्थिति बनी हुई है उनका मानना है कि प्रचंड और सुविधाजनक बहुमत हासिल करने के बाद संभव है कि भाजपा विभिन्न विभागों की बनने वाली समितियों में विपक्ष को प्रतिनिधित्व ही नहीं दे। मध्य प्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम के कार्य एवं संचालन नियम में इस बात का स्पष्ट प्रावधान है कि हर विभाग की समिति में पक्ष और विपक्ष के सदस्यों को अनुपातिक आधार पर प्रतिनिधित्व दिया जाएगा।

## शहर में अवैध बोर्ड साइन बोर्ड एवं होर्डिंग लगाने वाले के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई

### अध्ययन एकेडमी के विरुद्ध 50 हजार चालान, एफआईआर भी दर्ज




इंदौर । आयुक्त प्रतिभा पाल द्वारा शहर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाए रखने के साथ ही बिना अनुमति के शहर में लगाए गए अवैध होर्डिंग, बैनर, बोर्ड आदि को सख्ती से हटाने के दिए गए निर्देश के क्रम में जोन 11 वार्ड 55 के अंतर्गत गीता भवन क्षेत्र में कोचिंग संस्थान अध्ययन एकैडमी द्वारा बड़ी संख्या में अवैध रूप से बिना अनुमति के बोर्ड लगाने पर निगम द्वारा रु 50 हजार की चालानी कार्रवाई की गई तथा संबंधित के विरुद्ध थाना संयोगितागंज में एफ आई आर दर्ज करने की गई है एवं सभी बोर्ड रिमूवल कर जप्त किए गए हैं।

उपायुक्त लता अग्रवाल ने बताया कि जोन 11 वार्ड 55 के अंतर्गत गीता भवन क्षेत्र में कोचिंग संस्थान अध्ययन एकैडमी द्वारा क्षेत्र में बड़ी संख्या में बिना अनुमति के बोर्ड एवं बैनर लगाए गए थे जिस पर आज क्षेत्रीय सी एस आई विनीत तिवारी एवं रिमूवल विभाग के बबलू कल्याणे द्वारा संयुक्त कार्रवाई करते हुए क्षेत्र से 80 से अधिक अवैध बोर्ड हटाने की कार्रवाई करने के साथ ही संपत्ति विरूपण अधिनियम के अंतर्गत शहर की सुंदरता एवं स्वच्छता को धुमिल करने पर थाना संयोगितागंज में अध्ययन अकैडमी के विरुद्ध एफ आई आर दर्ज करने हेतु भी कार्रवाई की गई।

### 150 से अधिक होर्डिंग हटाए

उपायुक्त लता अग्रवाल ने बताया कि शहर की सुंदरता एवं स्वच्छता को धूमिल करने वालों के विरुद्ध निगम द्वारा सख्ती से कार्रवाई की जा रही है जिसके अंतर्गत आज नगर निगम रिमूवल विभाग की टीम द्वारा शहर के विभिन्न स्थानों से 150 से अधिक अवैध होर्डिंग बैनर हटाने की कार्रवाई की गई एवं चालानी कार्रवाई करते हुए, संबंधित संस्थानों के विरुद्ध एफ आई आर दर्ज कराने की भी निगम अधिकारियों को निर्देश दिए गए। आयुक्त पाल द्वारा निर्देश दिए गए हैं कि शहर की सुंदरता को खराब करने वाले बिना अनुमति के शहर में साइन बोर्ड फ्लेक्स होर्डिंग आदि लगाने वालों के विरुद्ध निगम द्वारा कड़ी कार्रवाई की जाएगी, जिसके अंतर्गत लगाए बोर्ड जप्त किए जाएंगे तथा चालानी कार्रवाई, फाइन के साथ ही संबंधित के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही एफ आई आर दर्ज भी कराई जावेगी ।



## मित्रता दिवस पर फिर मिले 55 वर्ष पुराने मित्र

इंदौर। बाल निकेतन संघ, पागनीसपागा में शिशु वर्ग से आठवीं तक साथ पढ़ चुके मित्रगण, जिनमें कई दादी, नानी, नाना बन चुके है मित्रता दिवस पर पुनः एकत्रित हुए और बचपन की यादें ताजा की। 2017 में री-यूनियन के बाद प्रतिवर्ष मित्रता दिवस पर मिलने का आयोजन निरंतर जारी है। इनमें कई इंजिनियर है तो कई डॉक्टर । कुछ उद्योगपति है तो कुछ शिक्षा के क्षेत्र से जुड़े हैं। इन्हीं में से भोपाल से पधारे खादी ग्रामोद्योग आयोग, भारत सरकार में कार्यरत पंकज दुबे ने सभी को हाथ से कता एवं बुना राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा, जिसका उत्पादन हुबली में किया जाता है भेंट किया तथा सूत की तिरंगी माला से सभी का स्वागत किया । फिर मिलने के वादे के साथ सभी ने विदा ली। आयोजन रतलाम कोठी स्थित होटल संतूर में रखा गया था।

### ड्यूटी से लौटे एएसआई की मौत

इंदौर । पुलिस रेडियो विभाग में पदस्थ सहायक थानेदार की कल रात संदिग्ध हालत में मौत हो गई। वह ड्यूटी कर घर लौटे थे। रात में तबीयत बिगड़ी परिजन अस्पताल ले गए, लेकिन उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। एरोड्रम पुलिस के अनुसार मृतक का नाम शोभाराम पिता बाबूलाल सूर्यवंशी निवासी लक्ष्मी नगर है। शोभाराम को उनका बेटा संदीप इलाज के लिए बड़े अस्पताल लेकर पहुंचा था। शोभाराम पुलिस रेडियो विभाग में पदस्थ थे। संदीप के अनुसार कल शाम को वह ड्यूटी से घर लौटे फिर सो गए थे। बाद में उनकी तबीयत बिगड़ी और अचेत हो गए। उन्हें अस्पताल ले जाया गया जहां मृत घोषित कर दिया गया। शोभाराम अपनी पत्नी, बेटे- बहू के साथ रहते थे। गौरतलब है कि एक दिन पहले ट्राफिक थाने में पदस्थ एएसआई अमरसिंह की भी इसी तरह से मौत हुई है।

**एक नजर**

## यातायात सूबेदार ने चाकूबाज बदमाश को पकड़ा



इंदौर। यातायात प्रबंधन पुलिस, महानगर इंदौर के सूबेदार अमित यादव लवकुश चौराहा से अपनी ड्यूटी समाप्त कर खजराना चौराहे से होते हुए घर कनाड़िया क्षेत्र की ओर जा रहे थे। लगभग 1:15 बजे खजराना चौराहे से गुजरते समय सूबेदार यादव ने देखा कि पुरानी चौकी के पास एक व्यक्ति चाकू से दूसरे व्यक्ति पर वार कर रहा है तो तुरंत सूबेदार यादव ने अपनी गाड़ी रोक कर तत्परता से चाकूबाज हमलावर को पकड़ लिया, लेकिन तब तक वह तेज धारदार चाकू से तीन से चार वार कर चुका था। घायल को तुरंत चोटिल जगहों पर कपड़ा बांधकर ऑटो चालक की मदद से अस्पताल भिजवाया वहीं कंट्रोल के माध्यम से बीट बुलाकर हमलावर को खजराना थाने भेजा गया। इस दौरान चौराहा पर लोगों की भीड़ लगी थी सभी ने सूबेदार के द्वारा ततपरता से कार्य करने के लिए तालिया बजाकर हौसलाअफजाई की। पुलिस उपायुक्त, यातायात प्रबंधन, महानगर इंदौर महेश चंद जैन ने सूबेदार अमित कुमार यादव द्वारा तत्परता पूर्ण कार्यवाही कर पीड़ित युवक की जान जोखिम से बचाने, घायल को अस्पताल पहुंचाने व चाकुबाज को पकड़कर थाने के सुपुर्द करने के लिए सूबेदार यादव के कार्य की सराहना की व उत्साहवर्धन करते हुए नगद पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया।

### मजदूर की मौत में ठेकेदार और मकान मालिक पर केस

इंदौर । राऊ में निमार्णाधीन मकान में एक मजदूर काम करते समय हाईटेंशन लाइन की चपेट में आ गया। उसकी हालत गंभीर है। पुलिस ने मकान मालिक और ठेकेदार के खिलाफ काम में लापरवाही बरतने की धाराओं में केस दर्ज किया है। मामला राऊ थाना क्षेत्र के कृष्णा पैराडाइस फेस वन का है। घायल मजदूर का नाम संतोष पिता भागीरथ टेकराम निवासी संत नगर खंडवा रोड है। संतोष की हालत नाजुक बनी हुई है। दरअसल कल मेघराज देशमुख के मकान की लैंटर्न छत भरते समय वह करंट की चपेट में आ गया था। वहां पर ठेकेदार कान्हा पिता मेहताब नायक उससे काम करवा रहा था।

### प्लॉट के नाम पर धोखाधड़ी

इंदौर । विजय नगर पुलिस ने एक बुजुर्ग की शिकायत पर धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है । आरोपी ने फर्जी पंजीयन पत्र के आधार पर उनका प्लाट हथिया लिया था। विजय नगर पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार फरियादी संजय पुरोहित निवासी प्रेम नगर की शिकायत पर आरोपी मनोज दधीच पिता शंकरलाल दाधीच निवासी हाटपिपलिया हाल मुकाम सुदामा नगर के खिलाफ धोखाधड़ी और जाली दस्तावेज बनाने की धाराओं में केस दर्ज किया गया है। फरियादी ने बताया कि स्कीम नंबर 74 सेक्टर डी में उनका एक प्लॉट था । आरोपी ने फर्जी पंजीयन पत्र के माध्यम से नामांतरण करवा कर उनके प्लॉट को हथिया लिया है और अब धमकियां दे रहा है।

## डॉक्टर ने ससुराल आकर लगाई फांसी

### तीन माह के इलाज के बाद फिर ले जा रहे थे रिहेब सेंटर

इंदौर। बड़वाह के अस्पताल में पदस्थ एक डॉक्टर ने ससुराल में फांसी लगाकर जान दे दी। वे शनिवार को पत्नी और 13 माह की बेटी के साथ इंदौर आए थे। रविवार सुबह पत्नी ने उन्हें फंदे पर लटके देखा। बेटी ने अपने पिता को घटना की जानकारी दी और फिर पुलिस को बुलाया। पुलिस के मुताबिक अभी कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। उन्होंने इंदौर के रिहेब सेंटर में उपचार भी कराया था। बताया जा रहा है कि उन्हें सोमवार को दोबारा रिहेब सेंटर ले जाने की चर्चा की जा रही थी।

द्वारकापुरी टीआई सतीश द्विवेदी के मुताबिक घटना ग्रेटर वैशाली की है। यहां अनिल (35 वर्ष) पुत्र स्व. बाबूसिंह सोलंकी निवासी बड़वानी ने अपने ससुराल में फांसी लगाकर जान दे दी। पत्नी नंदिनी ने उन्हें सुबह फंदे पर लटके देखा था। पुलिस के मुताबिक डॉक्टर का इंदौर के एक रिहेब सेंटर में तीन माह तक इलाज चला था। सोमवार को फिर उन्हें रिहेब सेंटर ले जाने की तैयारी थी। लेकिन वे जाने को तैयार नहीं थे। नंदिनी ने अपने पिता माधवसिंह को जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक मौके पर कमरे से किसी तरह का सुसाइड नोट नहीं मिला है। अनिल की 2019 में शादी हुई थी। उनकी 13 माह की बेटी भी है। साला भी पेशे से डॉक्टर है ओर ससुर रिटायर्ड फूड ऑफिसर है।

### श्रावण माह का चौथा और अंतिम सोमवार

## शाही ठाठ बाट और धूमधाम के साथ नगर भ्रमण पर निकलेंगे... बाबा भूतनाथ

इंदौर। पवित्र श्रावण माह के चौथे और अंतिम सोमवार पर इंदौर शिवभक्ति से सराबोर रहने वाला है...शिवालयों में दिनभर धार्मिक अनुष्ठान और संध्याकाल में विशेष श्रृंगार जैसे आयोजन होंगे...इसी के साथ सोमवार की दोपहर श्री भूतेश्वर महादेव की परंपरागत सवारी निकाली जाएगी...श्री भूतेश्वर धाम में पिछले 70 सालों से सवारी की परंपरा जारी है,जो इस साल भी जारी रहेगी...इस दौरान बाबा भूतनाथ शाही ठाठ बाट और धूमधाम के साथ नगर भ्रमण पर निकलेंगे...बाबा की सवारी में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होंगे...भूतनाथ की सवारी पूरे पश्चिमी क्षेत्र में भक्ति की छटा बिखरेगी...वहीं श्री भूतेश्वर धाम में पूरे श्रावण महीने में अखंड रुद्राभिषेक भी जारी है।


## डी. पी. आभूषण लिमिटेड

DP

CIN: L74999MP2017PLC043234

Regd. Office: 138, चांदनी चौक, रतलाम (म.प्र.)-457001, भारत

दूरभाष क्रमांक: +91-7412-490966, 408900, E-mail: cs@dpjewellers.com; Website: www.dpjewellers.com

**मुख्य बिंदु**

| विवरण | 30-06-2022 को समाप्त तिमाही के लिए |
| --- | --- |
| आय में वृद्धि | 147 % (Q1 FY 23 vs Q1 FY 22) |
| पीएटी में वृद्धि | 203 % (Q1 FY 23 vs Q1 FY 22) |
| पीएटी मार्जिन में वृद्धि | 32% (Q1 FY 23 vs Q4 FY 22) |

### 30-06-2022 को समाप्त होने वाले तिमाही के लिए अनअंकेक्षित वित्तीय परिणाम

(आंकड़े लाख में
(प्रति अंश आय को छोड़कर)

मानक वित्तीय परिणाम

| विवरण | समाप्त तिमाही के लिए 30-06-2022 अनअंकेक्षित | समाप्त तिमाही के लिए 30-06-2021 अनअंकेक्षित | समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए 31-03-2022 अंकेक्षित |
| --- | --- | --- | --- |
| व्यापार से कुल आय | 43339.01 | 17535.59 | 173169.99 |
| शुद्ध लाभ, (कर और असाधारण वस्तुओं से पहले) | 1727.09 | 572.43 | 5460.37 |
| शुद्ध लाभ, (कर से पहले और असाधारण वस्तुओं के बाद | 1727.09 | 572.43 | 5460.37 |
| शुद्ध लाभ, (कर और असाधारण वस्तुओं के बाद) | 1292.11 | 426.51 | 4043.54 |
| कुल व्यापक आय, (कर एवं अन्य व्यापक आय के बाद) | 1292.11 | 426.51 | 4088.27 |
| सामान्य अंश पूंजी (प्रति अंश रूपया 10/-) | 2225.49 | 2225.49 | 2225.49 |
| संचय (पिछले वर्ष की अंकेक्षित तलपट के अनुसार पुनर्मुल्यांकित संचय को छोड़कर) | - | - | 11580.62 |
| प्रति अंश आय (जारी और बंद किए गए व्यापार के लिए) | | | |
| मूल: (समाप्त तिमाही के लिए, बिना वार्षिक किये) | 5.81 | 1.92 | 18.17 |
| मिश्रित: (समाप्त तिमाही के लिए, बिना वार्षिक किये) | 5.81 | 1.92 | 18.17 |

टिप्पणियाँ: - (1) उपरोक्त वित्तीय परिणाम सेबी (सूचि निर्धारण दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियमन, 2015 के विनियमन 33 के तहत नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड के साथ दायर वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का एक भाग है। 30-06-2022 को समाप्त तिमाही के वित्तीय परिणाम NSE की वेबसाइट www.nseindia.com और कंपनी की वेबसाइट www.dpjewellers.com पर उपलब्ध हैं।

डी. पी. आभूषण लिमिटेड
-एसडी -
संतोष कटारिया, प्रबंध निर्देशक
DIN - 02855068

दिनांक: अगस्त 07, 2022
स्थान: रतलाम